(राजस्थान सरकार)

**न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर, बुहाना जिला झुंझुनूं**

पीठासीन अधिकारीः– हेमन्त कुमार, आर.ए.एस.

**राजस्व वाद सं.– 120/2022** **जीसीएमएस नम्बर :– 2022/317**

1. हरिश कुमार पुत्र सागर जाति मेघवाल निवासी रसुलपुर तहसील बुहाना जिला झुन्झुनूं राज0
2. अजीत पुत्र सागर जाति मेघवाल निवासी रसुलपुर तहसील बुहाना जिला झुन्झुनूं राज0
3. राजवीर पुत्र सागर जाति मेघवाल निवासी रसुलपुर तहसील बुहाना जिला झुन्झुनूं राज0
4. शान्ति देवी पत्नी सागर जाति मेघवाल निवासी रसुलपुर तहसील बुहाना जिला झुन्झुनूं राज0
5. डोडी पत्नी बनवारी जाति मेघवाल निवासी रसुलपुर तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं राज0
6. राकेश
7. मोहन लाल
8. राजेश
9. रामोतार जाति मेघवाल निवासी रसुलपुर तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं राज0
10. गुडो देवी पत्नी मालाराम जाति मेघवाल निवासी रसुलपुर तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं राज0
11. मुन्शीराम
12. सहीराम
13. सुशील
14. अशोक पुत्रान मालाराम जाति मेघवाल निवासी रसुलपुर तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं राज0
15. उमराव सिंह
16. जगदीश प्रसाद पुत्रान गुगनराम जाति मेघवाल निवासी रसुलपुर तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं राज0
17. रोहिताश
18. नेकिराम पुत्रान मामचन्द्र जाति मेघवाल निवासी रसुलपुर तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं राज0
19. ग्यारसी देवी पुत्री देवा पत्नी दयानन्द जाति मेघवाल निवासी रसुलपुर तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं राज0 हाल आबाद सुन्दरों तहसील व जिला महेन्द्रगढ़ हरि0
20. बीरबल पुत्र सालग जाति मेघवाल निवासी रसुलपुर तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं राज0

**.................वादीगण**

**बनाम**

1. कैलाश चन्द्र पुत्र बनवारी जाति मेघवाल निवासी रसुलपुर तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं राज0
2. इमरती पुत्री बनवारी पत्नी महिपाल सिंह जाति मेघवाल निवासी रसुलपुर तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं राज0
3. सन्तोष पुत्री बनवारी पत्नी जाति मेघवाल निवासी रसुलपुर तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं राज0
4. उर्मिला पुत्री सागर पत्नी महेन्द्र सिंह जाति मेघवाल निवासी रसुलपुर तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं राज0 हाल आबाद धुड़ीया जैतपुर हरियाणा

उपखण्ड अधिकारी बुहाना
जिला झुन्झुनूं (राज.)

5. सरोज पुत्री सागर पत्नी सत्यदेव जाति मेघवाल निवासी रसुलपुर तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं राज0
6. सुनील
7. सतीश
8. पवन पुत्रान जलेसिंह जाति मेघवाल निवासी रसुलपुर तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं राज0
9. शारदा पत्नी जलेसिंह जाति मेघवाल निवासी रसुलपुर तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं राज0
10. सुभाष
11. अनुप पुत्रान ओमप्रकाश नवीरा मामचन्द जाति मेघवाल निवासी रसुलपुर तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं राज0
12. सुमित्रा पत्नी औमप्रकाश जाति मेघवाल निवासी रसुलपुर तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं राज0
13. मनोज पुत्री औमप्रकाश पत्नी बबलु जाति मेघवाल निवासी रसुलपुर तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं राज0 हाल आबाद बसई तहसील व जिला महेन्द्रगढ़ हरि0
14. कवीता पुत्री औमप्रकाश पत्नी सुरेश जाति मेघवाल निवासी रसुलपुर तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं राज0 हाल आबाद बसई तहसील व जिला महेन्द्रगढ़ हरि0
15. प्रेम
16. विक्की
17. स्वरूपचन्द पुत्रान किताब बाई पुत्री मामचन्द पत्नी दीपचन्द जाति मेघवाल निवासी सुन्दरो तहसील कनीना जिला महेन्द्रगढ़ हरि0
18. प्रवीण पुत्र मुकेश जाति मेघवाल निवासी रसुलपुर तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं राज0
19. मोनिका पुत्री मुकेश जाति मेघवाल निवासी रसुलपुर तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं राज0
20. मायाकौर पत्नी मुकेश जाति मेघवाल निवासी रसुलपुर तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं राज0
21. सत्यवीर पुत्र मामचन्द जाति मेघवाल निवासी रसुलपुर तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं राज0
22. शारदा पुत्री गुगन पत्नी जगदीश प्रसाद जाति मेघवाल निवासी रसुलपुर तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं राज0
23. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार बुहाना तहसील बुहाना जिला झुन्झुनूं राज.

................प्रतिवादीगण

उपखण्ड अधिकारी बुहाना, जिला झुंझुनूं (राज.)

**दावा बाबत— खाता विभाजन**

**—:निर्णय:—** दिनांक:— 29/8/24

**(1). वादी का वादपत्र रहा कि:—**

1. यह कि वाके ढाणा तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं राज0 स्थित कृषि भूमि जमाबन्दी संवत 2075 से 2078 के हाल खाता संख्या 721 रकबा 0.80 हैक्टर भूमि में वादीगण स0 1 लगा0 4 का प्रत्येक का 1/42, 1/42 हिस्सा वादी स0 5 लगा0 9 का प्रत्येक का 1/56, 1/56 वादी स0 10 लगा0 14 का प्रत्येक का 1/42, 1/42 हिस्सा, वादी स0 15 व 16 प्रत्येक का हिस्सा 1/21, 1/21 तथा वादी स0 17 व 18 का प्रत्येक का हिस्सा 1/42, 1/42 वादी स0 19 व 20 का प्रत्येक का हिस्सा 1/7, 1/7 हिस्सा भूमि का रिकार्डेड काश्तकार व कब्जे काश्त है शेष भूमि पर प्रति0 स0 1/2 खातेदार काश्तकार दर्ज रिकार्ड है

उपखण्ड अधिकारी बुहाना
जिला झुन्झुनूं (राज.)

2. यह कि वाद पत्र के खण्ड स0 1 में वर्णित भूमि का वादीगण व प्रतिवादीगण ने मौके पर बाहमी बटवारा कर रखा है उसी अनुसार मौके पर काबिज काश्त है तथा बाहमी बंटवारे व कब्जे काश्त व बाहमी बंटवारे के अनुसार ही वादीगण अपनी भूमि का खाता विभाजन करवाना चाहते है।
3. यह कि वाद पत्र के खण्ड स0 1 में वर्णित भूमि में खातेदार जलेसिंह पुत्र मामचन्द फौत हो चुका है जिसके विधिक वारिसान प्रति0 स0 6 लगा0 9 है तथा खातेदार मुकेश पुत्र मालाराम फौत हो चुका है जिसके विधिक वारिसान प्रति0 स0 18 लगा0 20 है तथा खातेदार औमप्रकाश पुत्र मामचन्द भी फौत हो चुका है जिसके विधिक वारिसान प्रति0 10 लगा0 14 है तथा खातेदार किताब बाई पुत्री मामचन्द पत्नी दीपचन्द भी फौत हो चुकी है जिसके विधिक वारिसान प्रति0 स0 15 लगा0 17 है जो कि आवश्यक पक्षकार है वादीगण ने उन्हे भी पक्षकार बनाया है जो कि सावधि है।

**वादी द्वारा अनुतोष चाहा गया कि:–**

(क). यह कि वाके ढाणा तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं राज0 स्थित कृषि भूमि जमाबन्दी संवत 2075 से 2078 के हाल खसरा नम्बर 721 रकबा 0.80 हैक्टर भूमि में वादीगण स0 1 लगा0 4 का प्रत्येक का 1/42, 1/42 हिस्सा वादी स0 5 लगा0 9 का प्रत्येक का 1/56, 1/56 वादी स0 10 लगा0 14 का प्रत्येक का 1/42, 1/42 हिस्सा, वादी स0 15 व 16 प्रत्येक का हिस्सा 1/21, 1/21 तथा वादी स0 17 व 18 का प्रत्येक का हिस्सा 1/42, 1/42 वादी स0 19 व 20 का प्रत्येक का हिस्सा 1/7, 1/7 हिस्सा भूमि का बाहमी बंटवारे के अनुसार खाता विभाजन किया जावें।

(2). दावा दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रतिवादीगण की तलबी की गई। प्रतिवादीगण की सम्यक् तामिल हुई। बावजूद सम्यक तामील के अनुपस्थित रहने इनके विरूद्व एक पक्षीय कार्यवाही दिनांक 28.08.2023 को अमल में लाई गई। व प्राथमिक डिक्री दिनांक 28.08.2023 को की गई। तथा तहसीलदार बुहाना को विभाजन प्रस्ताव हेतु इस कार्यालय के पत्रांक 609 दिनांक 09.10.2023 के द्वारा भिजवाया गया। तहसीलदार बुहाना के पत्रांक 463 दिनांक 15.02.2024 के द्वारा विभाजन प्रस्ताव प्राप्त हुए शामिल पत्रावली हुए विभाजन प्रस्ताव का अध्ययन किया गया प्रार्थी के अधिवक्ता द्वारा खाता विभाजन, विभाजन प्रस्ताव अनुसार करने हेतु निवेदन किया ।

उपखण्ड अधिकारी बुहाना, जिला झुंझुनूं (राज.)

बहस के अनुसार ,शपथ पत्र, दस्तावेज, सहमति से प्राप्त कुर्रे प्राप्त पर कोई ऐतराज नही किया गया। पत्रावली पर उपलब्ध प्रलेखीय दस्तावेजात, वादपत्र के अभिवचनों का ध्यान पूर्वक अवलोकन एवं मनन किया गया। पत्रावली पर उपलब्ध जमाबंदी संवत् 2075–2078 वाके ग्राम ढाणा (देवलावास) स्थित भूमि हाल खाता संख्या 20 में वादीगण के दर्ज हिस्से व मौका कब्जे काश्त अनुसार वाद वादी स्वीकार कर अंतिम डिक्री किया जाना न्यायोचित पाया जाता है।

उपखण्ड अधिकारी बुहाना
जिला झुन्झुनूं (राज.)

—::आदेश::—

''न्यायालय वाद वादी बाबत खाता व लगान विभाजन व डिक्री किया जाना न्यायोचित पाता है। अतः यह कि वाके ढाणा तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं राज0 स्थित कृषि भूमि जमाबन्दी संवत 2075 से 2078 के हाल खसरा नम्बर 721 रकबा 0.80 हैक्टर भूमि में वादीगण का कब्जे कास्त एवं राजस्व रिकार्ड में दर्ज हिस्से अनुसार खाता विभाजन कर लगान अलहेदा कायम किये जाने का आदेश दिनांक 28.08.2023 को दिया गया था। भूमि का खाता एवं लगान विभाजन मुताबिक तहसीलदार बुहाना को विभाजन प्रस्ताव हेतु इस कार्यालय के पत्रांक 609 दिनांक 09.10.2023 के द्वारा भिजवाया गया। तहसीलदार बुहाना के पत्रांक 463 दिनांक 15.02.2024 के द्वारा विभाजन प्रस्ताव प्राप्त हुए। विभाजन प्रस्ताव प्रदर्श ''अ–1 लगायत अ–6'' व नक्शा प्रदर्श ''ब'' के वाद को अंतिम डिक्री किया जाता है। अतः मुताबिक तहसीलदार बुहाना से प्राप्त विभाजन प्रस्ताव प्रदर्श ''अ–1 लगायत अ–6'' व नक्शा प्रदर्श ''ब'' के अलग–अलग खाता कायम किया जाकर आनुपातिक लगान अलग–अलग कायम किये जाने का आदेश दिया जाता है। विभाजन प्रस्ताव '''अ–1 लगायत अ–6'' व नक्शा प्रदर्श ''ब'' इस निर्णय व डिक्री का अभिन्न अंग रहेगा। तहसीलदार बुहाना को रिकॉर्ड में अमल करने हेतु लिखा जावे। रहन यदि कोई हो तो सम्बन्धित खातेदार काश्तकार को प्राप्त होने वाले रकबे/हिस्से/खसरा नम्बर के हिस्से में दर्ज किया जावे। पर्चा डिक्री जारी हो।''

(हेमन्त कुमार)
उपखण्ड अधिकारी एवं
पदेन सहायक कलक्टर, बुहाना

उपखण्ड अधिकारी बुहाना
जिला झुंझुनूं (राज.)

उपखण्ड अधिकारी
बुहाना, जिला झुंझुनूं (राज.)

निर्णय आज दिनांक 29/8/24 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर, बाद मेरे हस्ताक्षर इस न्यायलय के मुद्राकित सरे इजलास सुनाया गया।

(हेमन्त कुमार)
उपखण्ड अधिकारी एवं
पदेन सहायक कलक्टर, बुहाना

उपखण्ड अधिकारी बुहाना
जिला झुंझुनूं (राज.)